C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:52 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:25 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 282 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 7 मई 2024

धर्मेंद्र ने अपने यार पुराने...पेज-3 पर

## यूपी में दोपहर तक 38.12 प्रतिशत मतदान, बरेली में सबसे कम वोट

उत्तर प्रदेश

एजेंसी

तीसरे चरण में लोकसभा चुनाव के लिए यूपी की 10 सीटों पर वोटिंग जारी है। इन दस सीटों पर 100 प्रत्याशियों में आठ महिला उम्मीदवार हैं। आगरा में 36.89 फीसदी मतदान एटा में 39.87 प्रतिशत वोटिंग आंवला में 36.95 फीसदी मतदान फतेहपुर सीकरी में 39.09 प्रतिशत वोटिंग, फिरोजाबाद में 40.06 फीसदी मतदान, बदायूं में 34.97 फीसदी मतदान, बरेली में 34.93 प्रतिशत वोटिंग, मैनपुरी में 38.32 फीसदी मतदान, संभल में 42.97 प्रतिशत मतदान, हाथरस में 37.73



फीसदी वोटिंग, बरेली में सदर तहसील स्थित पोलिंग बूथ पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पत्नी के साथ अपने मत का प्रयोग कर जनपद के प्रत्येक मतदाता से मतदान करने की अपील की। बदायूं की सदर तहसील स्थित पोलिंग बूथ पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान भी पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। उन्होंने स्याही का निशान दिखाते हुए लोगों से वोट करने की अपील की। इटावा से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया ने भी मतदान किया। बरेली लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। शुरुआती दो घंटों में सिर्फ 11.59 प्रतिशत मतदान हो सका। इसकी एक वजह यह भी रही कि मतदान के दिन सड़क के लिए ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। बरेली शहर विधानसभा क्षेत्र के परसाखेड़ा गौंटिया और गोकलपुरा में तनातनी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने स्थिति को संभाला झ हाथरस लोकसभा क्षेत्र के अकराबाद के गांव धर्मपुर में ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार को लेकर लोगों को समझाने एडीएम सिटी पहुंचे। गगीरी के गांव भगोसा में काली नदी पर पुल की मांग को लेकर मतदान का विरोध हुआ। सुबह 9:30 बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ा। पुलिस के समझने पर प्रधान पति ने ढाई घंटे बाद पहला वोट डाला। 11 बजे तक मात्र छह वोट पड़े हैं। गांव के लोग वोट नहीं डाल रहे हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्य नहीं करने पर छर्रा विधानसभा के गांव रामपुर में भी मतदान का ग्रामीणों ने बहिष्कार किया है। इगलास विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला वीरा में सड़क नहीं बनने पर ग्रामीण चुनाव बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए हैं। इगलास एसडीएम और सीओ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं। धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझने में जुटे हुए हैं।

## News कॉर्नर

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहर गटका

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने विषाक्त का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे एसटीएच लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय विमल क्षीरा पुत्र नारायण सिह निवासी ग्राम बसंतपुरा पो. किशनपुर गौलापार में रहता है। बताया जा रहा है कि विमल ने कुछ समय पहले बैंक की नौकरी छोड़ दी थी। वह अविवाहित था जबकि उसके दो भाई शादी शुदा हैं। सोमवार की दोपहर को उसने विषाक्त का सेवन कर लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई जिसके परिजन उसे लेकर एसटीएच जहां पर उसने दम तोड़ दिया। युवक ने विषाक्त का सेवन क्यों किया इसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### नशे के इंजेक्शन समेत एक दबोचा



**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरानएक और युवक को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वनभूलपुरा पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। पुलिस टीम जब गौला पार्किंग के पास पहुंची तभी एक युवक को रेलवे पटरी के पास संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम फरीद अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी इन्द्रानगर ठोकर थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### कुलगाम में ऑपरेशन जारी

## सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो दहशतगर्द ढेर

जम्मू-कश्मीर

एजेंसी

कुलगाम जिले के रेडवानी पाईन इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो दहशतगर्द मारे गए हैं। ऑपरेशन अभी चल रहा है।

दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें से दो आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शवों की पहचान किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। ऑपरेशन अभी चल रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने यह जानकारी दी है। सोमवार देर रात आतंकियों के साथ शुरू हुई मुठभेड़ मंगलवार सुबह दूसरे दिन फिर शुरू हुई। देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना की टीम मौके पर पहुंची।

सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। इलाके में प्रवेश तथा निकासी के



सभी रास्तों को सील कर दिया गया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि, देर रात तक कोई आतंकी मारा नहीं गया। अंधेरा होने की वजह से सुरक्षाबलों की ओर से अतिरिक्त सतर्कता बरती गई, ताकि किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। मंगलवार सुबह एक बार फायरिंग शुरू हुई। शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के ड्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है।

सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है।

## कुमाऊं विवि के वानिकी एवं पर्यावरण विभाग को इंडियन काउंसिल फॉर फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन से ए प्लस कैटेगरी मिली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विभाग को इंडियन काउंसिल फॉर फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा ए प्लस कैटेगरी प्रदान की गई है। आईसीएफआरई द्वारा दिसंबर माह में विभाग का निरीक्षण तथा मूल्यांकन किया गया है विभागाध्यक्ष प्रो जीत राम इस आसय का प्रमाण पत्र कुलपति प्रो दीवान एस रावत को सौंपा इस अवसर पर कुलपति प्रो रावत ने विभाग के कार्यों की प्रसंशा की तथा कहा की वानिकी विभाग बेहतर कार्य एवम शोध कर रहा है । वानिकी विभाग 1978 से प्रारंभ हुआ तथा शोध एवं उत्तराखंड के जंगल के अध्यन के लिए जाना जाता है प्रो जीत राम ने कहा की प्रो एलएस लोधियल ,प्रो आशीष तिवारी ,डॉक्टर नीता आर्य , डॉक्टर बिजेंद्र लाल ,डॉक्टर नंदन बिष्ट ,डॉक्टर कुबेर गिनती ,डॉक्टर ईरा तिवारी ,डॉक्टर मैत्री नारायण सहित विभाग के कर्मचारियों एवम शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के मेहनत का ये सुखद परिणाम है। आईसीएफआरइ हर पांच साल में संबंधित विभागों का पैनल करता है ।कूटा अध्यक्ष प्रो ललित तिवारी एवम महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ने वानिकी विभाग की मेहनत पर उन्हें बधाई एवं मुबारकबाद दी है।



## हल्द्वानी में साइबर ठगों ने युवक को लगाया लाखों का चूना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठगी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। साइबर क्रिमिनल्स ने एक और व्यक्ति को लाखों रूपए का चूना लगा दिया है। पीड़ित न्याय के लिए पुलिस की शरण में पहुंचा है।

साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है। शिव सांई कालोनी बिठौरिया हल्द्वानी निवासी हरिहर शुक्ला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पास 26 अप्रैल को फोन आया जिसमें फोन करने वाले खुद को क्राइम ब्रांच मुंबई को डीसीपी बताते हुए कहा कि उसकी आईडी से फेड-एक्स कूरियर से एक पार्सल ताइवान भेजा गया है जिसे मुम्बई कस्टम पुलिस ने पकड़ लिया है। पार्सल में ड्रग्स, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड इत्यादि गैर कानूनी सामग्री मिली है। उन्होंने उसे मुंबई क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट करने को कहा। जब उसने आने असमर्थता जताई तो उसने क्राइम ब्रांच को सहयोग करने और 24 घंटे स्काइप की विडियो कॉल पर मुम्बई क्राइम ब्रान्च की निगरानी में रहने की बात कही। जांच के दौरान मुझसे कहा गया वह इस विषय में न तो किसी से बात कर सकता हूँ, न ही घर के बाहर जा सकता हूं। उसे डिजिटल हाउस अरेस्ट में वर्चुअल बन्धक बना लिया गया। इसके बाद उसने उसके सभी बैंक खातों की डिटेल मंगवा ली। इसके बाद उसके द्वारा बाए गए खाते में 4 लाख रूपए ट्रांसफर करने को कहा गया। जिसके बाद उसने रकम खाते में डाल दी। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### पैन कार्ड का गलत उपयोग करने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने पैन कार्ड और आधार कार्ड का गलत उपयोग कर उसके नाम से लोन लेने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैन आयरन स्टोर के स्वामी आयुष जैन ने पुलिस में शिकायत की है कि उसे 14 अगस्त 2023 को जानकारी हुइ। कि उसके नाम से एल एंड टी कंपनी से 6 लाख 59 हजार रूपए का लोन लिया गया है। जबकि उसन इस तरह का कोई लोन लिया ही नहीं था। इसके बाद उसने कंपनी से डिटेल आदि मांगी तो उसमें कैलाश कालोनी ग्रेट कैलाया का पता डाला गया था। पते पर मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी भी उसकी ही डाली गई थी। इतना ही नहीं जब उसने इनकम टैक्स कार्यालय जाकर जब अपना एनुवल इफार्मेशन स्टेटमेंट निकाला तो उसी के नाम से तीन-तीन बैंकों में खाते खोले गए हैं। पीड़ित ने इस मामले की जांच की जालसाज के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने की उठाई मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में आय, जाति व स्थायी प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी का मामला उपजिलाधिकारी के समक्ष उठाया गया। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने मंगलवार को एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि पटवारियों के हड़ताल पर जाने के बाद प्रमाण पत्रों पर अमीन रिपोर्ट लगा रहे थे लेकिन अब उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। आय, जाति, निवास जैसे प्रमाण पत्र न बनने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साहू ने बताया कि बीते दो सप्ताह से प्रमाण पत्र नहीं बन ? पा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में इस मौके पर राजेन्द्र बिष्ट, प्रियांशु गुप्ता सचिन राठौर शामिल थे।



### जागेश्वर धाम में जाम से जूझते रहे श्रद्धालु

**अल्मोड़ा।** पर्यटक सीजन शुरू होते ही जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। सोमवार को आरतोला से जागेश्वर धाम तक तीन किमी दायरे में लंबा जाम लगा रहा। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। इससे श्रद्धालु परेशान रहे। जाम खुलवाने में पुलिस के पसीने छूटे। किसी तरह जाम से जूझते हुए श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचे और बाबा जागनाथ के दर्शन किए। हर दिन यहां औसतन 5000 से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, इससे दिन में कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। हालांकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल तैनात किया है, लेकिन वाहनों के दबाव के सामने पुलिस जवान भी लाचार हैं। जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ जाम से छुटकारा पाने के लिए शटल सेवा शुरू की जाती है।

# रामनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में 11 मई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला नैनीताल मुख्यालय में स्थित जिला न्यायालय तथा वाह्य स्थित न्यायालय हल्द्वानी और रामनगर में किया जायेगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामले, बैंक लोन रिकवरी के मामले, बीमा संबंधित, मोटर दुर्घटना संबंधित, पारिवारिक व वैवाहिक विवाद, चैक बाउन्स के मामले, श्रम संबंधित विवाद, राजस्व संबंधित विवाद बिजली, पानी संबंधित विवाद, मोटर वाहन एवं शमनीय प्रकृति के सभी अपराधिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाता है। दअब तक प्री लीटिगेशन एवं लंबित कुल लगभग एक हजार चार सौ इक्यावन मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत किया जा चुका है। लोक अदालत के दिन सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित होने की स्थिति में सिविल वादों में अदा की गयी कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

क्युकी मामलें पक्षगण की आपसी सहमति से निस्तारित किये जाते है इसीलिए इससे अग्रेत्तर लिटिगेशन अपील आदि में व्यतीत होने वाले समय एवं खर्च से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नैनीताल, हल्द्वानी रामनगर सभी न्यायालयों में लगातार जिला प्रशासन, बैंक बीमा, कम्पनीयों, पुलिस एवं आरटीओ के साथ बैठकें की जा रही है। साथ ही जो मामले अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये है, जैसे कि बैंक लोन रिकवरी मामलों जैसे प्री लीटिगेशन मामले, ऐसे मामलों में भी नियम व पॉलिसी अनुसार पूर्व निर्धारित व्याज दर से कम की दर पर मामले समझौते के आधार पर निस्तारित कर आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्रदान करने का प्रयास निरन्तर बैठकों में किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पैरा लीगल वालियन्टीयर के माध्यम से भी घर-घर जा कर राष्ट्रीय लोक अदालत के पैम्पलेट वितरित कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

संबोधन में जिला जज सुबीर कुमार ने कहा कि सभी आम जनमानस व स्टेक होल्डर से अपील है कि बढ़ चढ़कर राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रतिभाग कर इसका लाभ ग्रहण करें। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज सुबीर कुमार, सचिव बीनू गुलियानी, राहुल गर्ग, विजय लक्ष्मी विहान, रवि शुक्ला, पुनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पानी की बढ़ती समस्या के कारण नैनीताल नगर में होगी पानी के रोस्टर की व्यवस्था

**नैनीताल।** पानी की बढ़ती समस्या के कारण नैनीताल नगर में पानी सही से वितरित नहीं हो पा रहा है व पूर्व में पानी के बढ़े हुए बिलों पर भी कार्यवाही नहीं की गई साथ ही पानी के रोस्टर की व्यवस्था करने की बात की गई जिससे जन सामान्य को पानी के सही समय की जानकारी हो वह जन साधारण को समस्या का सामना ना करना पड़े।

इन सब पानी से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को लेकर सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित लोगों का शिष्टमंडल जल संस्थान के सहायक अभियंता दलीप सिंह बिष्ट से मिला और विस्तार से समस्याओं को गिनाते हुए उनका प्राथमिकता से समाधान करने की गुजारिश की ताकि जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी एई बिष्ट को सौपा गया। शिष्टमंडल में नितिन सिंह कार्की, सागर आर्य, गजाला कमाल, भारत सिंह मेहरा, मनोज कुमार, किशोर ढैला तथा कुलदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## रोडवेज की अनुबंधित बस चालकों का निगम के पास पुख्ता रिकॉर्ड नहीं

### हल्द्वानी स्टेशन प्रभारी ने पकड़ा फर्जी चालक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



रोडवेज की अनुबंधित बसों में यात्री सुरक्षित नहीं है। आलम यह है कि ऐसी बसें चला रहे चालकों का निगम के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। पिछले दिनों दिल्ली से लौट रही बस के रुद्रपुर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अनुबंधित बस संचालन पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह काठगोदाम डिपो के अधीन घर रही है।

सूत्रों के अनुसार अनुबंधित बसों के लगातार हो रहे हादसों के मद्देनजर हल्द्वानी स्टेशन प्रभारी ने अनुबंधित बस के चालक की जानकारी जुटाई तो पता चला कि जिस चालक को भेजने की जानकारी निगम को दी गई थी, बस में उसके बजाय कोई और ही चालक मिला।

इस पर हल्द्वानी स्टेशन प्रभारी ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि चालक को जांच के बाद ही मार्ग पर भेजने की कार्यवाही की जाय। इस मामले से प्रतीत होता है कि रोडवेज अफसरों की अनदेखी व अनुबंधित बस स्वामियों की मनमर्जी से यात्रियों की जान से खिलवाड़ कियाओजा रहा है। पिछले दिनों हुए हादसे के बाद रोडवेज कर्मचारी संगठनों ने भी अनुबंधित बसों में एक ही चालक से लगातार ड्यूटी लेने की जानकारी दी थी। सूत्रों ने यह भी बताया कि अनुबंधित बसों में जाने वाले चालकों को डिपो में नहीं बुलाया जा रहा है, केवल बस स्वामियों की जानकारी के आधार पर ही चालक रूट पर भेज दिया जाता है।

हाल-फिलहाल में दो अनुबंधित बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने से इनके संचालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## स्कूटी सवार ने चौकी प्रभारी को कुचलने का किया प्रयास

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



तेज गति आ रहे एक स्कूटी सवार ने मंडी चौकी प्रभारी को कुचलने का प्रयास किया । हादसे में उनका हाथ टूट गया। घटना को अंजाम देने वाला मौके से फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे चौकी इंचार्ज विजय मेहता बरेली रोड पर अपनी चौकी के बाहर ही कांस्टेबल के साथ मिलकर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच हल्द्वानी की ओर से एक युवक बगैर हेलमेट के लालकुआं की ओर जा रहा था। जिसे चौकी इंचार्ज ने देख लिया और रोकने का प्रयास किया।

युवक ने रुकने के बजाय सीधे चौकी इंचार्ज को कुचलने का दुस्साहस किया और उनके ऊपर ही स्कूटी चढ़ा दी। चौकी इंचार्ज गिरकर चोटिल हो गए। साथी जवान उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। उनका दाहिना हाथ टूट गया है और शरीर में कई जगह गुमचोट आई है। इधर, घटना के बाद स्कूटी सवार युवक शनिबाजार की ओर फरार हो गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज विजय मेहता की ओर से कोतवाली में अज्ञात युवक के विरुद्ध तहरीर सौंप दी गई है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक का कहना है कि आरोपित पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि जल्द ही स्कूटी सवार पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## NEWS / फटाफट

### बीएड में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि विस्तारित

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल सहित देश के विभिन्न संस्थानों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के अंतर्गत 4 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए 15 मई 2024 रात्रि 11.30बजे तक अंतिम अवसर प्रदान कराया गया है, इस तिथि तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन को ही अंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा। आईटीईपी विभाग शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो.अतुल जोशी के मुताबिक यदि अभ्यर्थी आनलाइन पोर्टल पर प्रशिक्षण संस्थान के कालम में आईटीईपी विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का चयन करता है तथा प्रवेश परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में सफल होने की दशा में ही कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल आईटीईपी विभाग में प्रवेश हेतु अर्ह माना जाएगा ।

### तेज रफ्तार बाइक का कार से भिड़त

**नैनीताल** । तेज रफ्तार बाइक चालक ने टैक्सी कार को किया क्षतिग्रस्त और खुद की बाइक भी हुई क्षतिग्रस्त। बता दें कि नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय मोटर मार्ग में ताकुला बैंड के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक रवि निवासी हल्द्वानी को जा रहा था कि ताकुला बैंड के पास अपनी बाइक तेज रफ्तार बाइक को संभाल नहीं पाया और अचानक ब्रेक मारने पर बाइक स्किट होकर नैनीताल को आ रही टैक्सी कार से टकरा गई जिससे टैक्सी कार और बाइक दोनो ही क्षतिग्रस्त हो गई।दोनो पक्षों को किसी प्रकार की गंभीर छोटे नहीं आई ,बाद में युवक द्वारा टैक्सी कार चालक लक्ष्मण रेक्वाल से अपने गलती मानते हुए कार बनाने को लेकर समझौता कर लिया। यह जानकारी तल्लीताल थाने में तैनात चीता मोबाईल हैड शिव राज सिंह राणा ने दी।

### कर्मचारियों के वेतन एवं नियमितीकरण पर चर्चा

**नैनीताल।** कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड के नवनियुक्त महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल से निगम कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में मुलाकात की,जिसमें मुख्यत: संविदा कर्मचारियों के वेतन एवं नियमितीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। चंदोला के मुताबिक निगम के महाप्रबंधक शुक्ल द्वारा महासंघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि कर्मचारी हित में हर संभव कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर शिष्टमंडल में गंगोत्री, अंजू गुप्ता, संतोख बिष्ट, राहुल, नीरज तथा जतिन चौरसिया, संजय गुर्रानी तथा दीपक पाण्डे आदि शामिल रहे।

### सेंट जोजफ कालेज में रजत ने किया टॉप




**नैनीताल।** आईएससी बोर्ड की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सेंट जोजेफ कॉलेज नैनीताल के रजत जोशी ने 95 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉप किया है। रजत के साथ ही रितिक जोशी व दिव्यांश सामंत ने 95-95 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से टॉप किया है। रजत के पिता किशोर जोशी नैनीताल दैनिक जागरण में ब्यूरो प्रभारी जबकि मां आशा जोशी उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। रजत ने कम्प्यूटर साइंस में 99 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। मूल रूप से चंपावत जिले के लोहाघाट ब्लॉक के चनोड़ा निवासी रजत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादी, गुरुजनों को दिया है। रजत ने हाल ही में जेईई मेंस परीक्षा 97 परसेंटाइल अंक के साथ पास की है। रजत का लक्ष्य कम्प्यूटर इंजीनियरिंग बनने का है।

## गाड़ियों के द्वारा पानी न ले जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

धारी

हमारे संवाददाता



पानी की समस्या को देखते हुए काम धेनु अमृत सरोवर से कौल मझेड़ा से गाड़ियों के द्वारा पानी न ले जाने के लिए धारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और कहा कि बुरासी, पोखराड अक्सोडा लड़फोड़ा, पदमपुरी में पानी की समस्या के चलते जो पानी अमृत सरोवर से होटलों मे गाड़ियों द्वारा मोटर लगाकर ले जाया जा रहा है उसमे रोक लगाने की मांग की है गांव के लोगो को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मवेशियों के लिए पीने का पानी उपलब्ध भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

ये गाडी वाले सरोवर से पानी ले जाकर बड़े बड़े होटलों मे बेच रहे है मांग की है कि अमृत सरोवर पानी नही ले जाया जाय । जिस पर उप जिलाधिकारी धारी ने के एंन् गोस्वामी ने जल संस्थान व पुलिस चौकी धारी राजस्व उप निरीक्षक को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये है जिस पर जल संस्थान जेई हरीश चंद्र द्विवेदी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए अमृत सरोवर से चार टुल्लू मशीने जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है और बताया की शीतकालीन बारिश न होने के कारण रामगढ व धारी की नदियों मे दस से बारह प्रतिशत पानी बचा हुआ है नदिया व श्रोत में पानी की कमी हो गई है लोगो को अपनी लाइनों मे फेयर होल लगाना जरूरी है ताकि सभी लोगो को पानी उपलब्ध हो सके । होटलों व्यवसायों को बाहर क्षेत्र से पानी मंगाना पड सकता है ।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## नाराजगी पड़ी भारी

*तीन दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीर रुख अपनाते हुए सभी गांवों के लोगों की नाराजगी की वजह तलाशने और प्रभावी समाधान के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश देना प्रशंसनीय है, हालांकि नाराजगी के बारे में मुख्यमंत्री अनभिज्ञ नहीं हैं। सच यह है कि उन्हें सब पता है। मतदान से पहले ही मीडिया में लगातार अलग-अलग गांवों के लोग सड़क, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे रहे थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया था कि मांगों को लेकर मंत्रियों, सांसदों व विधायकों को ज्ञापन दे चुके हैं। धरना व प्रदर्शन का भी कोई असर नहीं हुआ। चुनाव बहिष्कार करने वाले गांवों से कहीं ज्यादा गांवों के लोग ढांचागत सुविधाओं से वंचित हैं।*

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तराखंड में मतदान कई मामलों में नेताओं के लिए चिंताजनक रहा है। तीन दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीर रुख अपनाते हुए सभी गांवों के लोगों की नाराजगी की वजह तलाशने और प्रभावी समाधान के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश देना प्रशंसनीय है, हालांकि नाराजगी के बारे में मुख्यमंत्री अनभिज्ञ नहीं हैं। सच यह है कि उन्हें सब पता है। मतदान से पहले ही मीडिया में लगातार अलग-अलग गांवों के लोग सड़क, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे रहे थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया था कि मांगों को लेकर मंत्रियों, सांसदों व विधायकों को ज्ञापन दे चुके हैं। धरना व प्रदर्शन का भी कोई असर नहीं हुआ। चुनाव बहिष्कार करने वाले गांवों से कहीं ज्यादा गांवों के लोग ढांचागत सुविधाओं से वंचित हैं। अन्य लोग भी भविष्य में जनप्रतिनिधियों व सरकार को सबक सिखाने के लिए चुनाव बहिष्कार कर सकते हैं। उत्तराखंड के सैकड़ों गांव में सड़क नहीं है। गंभीर बीमार और गर्भवती महिलाओं को कुर्सी तथा चारपाई की डोली बनाकर सड़क तक लाया जाता है। सड़क पर पहुंचने के बाद एम्बुलेंस से चिकित्सालय पहुंचाया जाता है। मीडिया में आये दिन समाचार छपते हैं कि चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही गर्भवती महिला के प्रसव हो जाता है। इन मामलों में पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था की दयनीय स्थिति के साथ ही सड़क नहीं होना प्रमुख समस्या है। विडम्बना यह है कि उत्तर प्रदेश से अलग राज्य का गठन पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए किया गया था। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सभी चुनावों में विकास करने के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। राज्य बनने के ढाई दशक बाद भी पर्वतीय क्षेत्र की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। रोजगार और अन्य सुविधाएं नहीं होने से पर्वतीय क्षेत्र से पलायन हो रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की गई मतदाता सूची के आंकड़े बता रहे हैं कि पर्वतीय क्षेत्र में मतदाता कम हुए हैं और मैदानी शहरों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। राज्य बनने के बाद सभी सरकारें पहाड़ से पलायन रोकने का राग अलापती रही हैं। पलायन की मुख्य वजह रोजगार के अवसर नहीं होना और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। किसी भी सरकार ने पहाड़ पर विकास नहीं किया। विकास के नाम पर वोट मांगने जाते हैं। जनप्रतिनिधि स्वयं पलायन कर रहे हैं। पहाड़ के मूल निवास पर चुनाव के दौरान जाते हैं। ज्यादा समय दिल्ली, देहरादून और मैदानी शहरों में बनाये अपने आलिशान आवासों में बिताते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में विकास कार्य का सिर्फ ढिंढोरा पीटा जाता है।

# छात्र सांसद पद के उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के वीरभट्टी स्थित पार्वती प्रेमा जगाती वरिष्ठ पूर्ण माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार विद्यालय में सोमवार को छात्र संसद का गठन पूर्ण लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव सम्पन्न हुआ। सबसे पहले छात्र सांसद पद के उम्मीदवारों ने नामांकन किया।

सातवें कक्षा में मतदान के द्वारा तीन- तीन छात्र सांसदों को निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद सभी सांसदो ने मिलकर बारहवीं के छात्र अनुपम कुमार को छात्र प्रधानमंत्री तथा ग्यारहवीं के छात्र रुद्राक्ष जोशी को उप प्रधानमंत्री जबकि बारहवीं के छात्र जय प्रकाश को छात्र सेनापति जबकि ग्यारहवीं के छात्र कृष्णा त्यागी को छात्र उपसेनापति वहीं बारहवीं के छात्र रक्षित कर्नाटक को स्पीकर और छात्र मनन गंगवार को नेता प्रति पक्ष के रूप मे निर्वाचित घोषित किया गया।



इसके अतिरिक्त सोमवार को ही कक्षास- हुए चुनाव मे प्रत्येक कक्षा से तीन. तीन छात्र सांसद चयनित हुए जिसमें कक्षा षष्ठ अ से स्वास्तिक भट्ट समेत अनुकल्प पाण्डे और मोहित पांचाल ब से अंश आनंद, रूद्र प्रताप सिंह व रक्षित यदुवंशी व सप्तम अ से ओमकार सिंह घ्रिल्डियाल, अक्षज भट्ट तथा सप्तम ब से यश राज प्रताप, अयांश भूषण, कमल गुप्ता व वेदान्त प्रधान व ग्रन्थ गौड रूद्र प्रताप सिंह ब से प्रद्युम्न बघेल सिद्धांत शाही जबकि अनिरुद्ध नागर नवम अ से सात्विक त्यागी, नैतिक गोयल, सम्राट चौधरी, नवम ब से विक्की कुनाल नवांश अग्रवाल दक्ष चहल शौर्य गर्ग तथा नवम स से मोहित यादवए जयंत मलिकए रियांश यादवए नवम द से देवरत गुर्जरए मनन ढिल्लनए हर्षित बिष्टए दशम अ से लक्ष्य चौधरीए वेदांत यादवए नकुल कुमारए दशम ब से अर्नव सिंह सत्यपालए दिव्यांश दिक्षितए प्रिंस गुप्ताए दशम स से माधव तेजसए असितए दशम द से देव चढढाए प्रणव ढिल्लनए देवांश चौधरीए एकादश अ से दक्ष तिवारीए अर्म्तान्शु चौधरीए रूद्र सिसौदियाए एकादश ब से प्रियांशु ज्योतिर्मय पाण्डेंए मनन मिनोचाए एकादश स से काव्य गुप्ताए शरद देवए गुरू चौधरीए द्वादश अ से दीपांशु पाण्डेंए राना यथार्थए दिव्यांशु कुमारए हर्षित वर्माए मनन गंगवारए आयुष राजए द्वादश ब से पी0 बोरिस, अक्ष हिसारिया, अमनराज और अंगद चौधरी तथा द्वादश स से अनुपम प्रताप, आयुष प्रसाद, और आयुष नाथ गोस्वामी निर्वाचित घोषित हुए।

इस अवसर पर विद्यालय छात्र संसद के पदेन अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 सूर्य प्रकाश ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार विद्या भारती के सभी विद्यालयों मे छात्र संसद होती है और यही छात्र संसद अपनी बैठक करके विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने मे अपना महत्व पूर्ण योगदान देती है। प्रेमा जगाती सरस्वती विहार एक पूर्ण आवासीय विद्यालय है अत- यहां की छात्र संसद विविध गतिविधियों मे अपना सहयोग करने के साथ- साथ भोजन मेन्यू भी डिसाइड करती है। छात्र संसद गठन का संचालन विद्यालय के छात्र संसद प्रमुख आचार्य तथा अतुल पाठक ने किया । छात्र संसद के नव निर्वाचित प्रधान मंत्री भैया अनुपम ने कहा शीघ्र ही अपने विद्यालय के नव निर्वाचित सांसदो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी। आज के इस कार्यक्रम मे विद्यालय के मीडिया प्रभारी डा.माधव प्रसाद त्रिपाठी समेत सभी आचार्य और छात्र उपस्थित रहे।

## सेंट जोजफ कालेज में रजत ने किया टॉप



नैनीताल। आईएससी बोर्ड की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सेंट जोजेफ कॉलेज नैनीताल के रजत जोशी ने 95 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉप किया है। रजत के साथ ही रितिक जोशी व दिव्यांश सामंत ने 95-95 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से टॉप किया है। रजत के पिता किशोर जोशी नैनीताल दैनिक जागरण में ब्यूरो प्रभारी जबकि मां आशा जोशी उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। रजत ने कम्प्यूटर साइंस में 99 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। मूल रूप से चंपावत जिले के लोहाघाट ब्लॉक के चनोड़ा निवासी रजत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादी, गुरुजनों को दिया है। रजत ने हाल ही में जेईई मेंस परीक्षा 97 परसेंटाइल अंक के साथ पास की है। रजत का लक्ष्य कम्प्यूटर इंजीनियरिंग बनने का है।

# कुमाऊं विवि में परीक्षा के लिए व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा ने सोमवार को विवि के मुख्य परिसर डीएसबी परिसर में सभी परीक्षा कक्षों में जाकर गहनता से निरीक्षण किया और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक को भी परीक्षा के दौरान निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्तिपूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया।

इससे पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र राणा ने केंद्रों पर सीसीटीवीए सिटिंग प्लानए कक्ष निरीक्षकों की संख्या के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संबंध में जो भी दिशा निर्देश समय-समय पर जारी किए गए हैं, उनका सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर परीक्षा कक्ष में प्रकाश की उचित व्यवस्था हो। निरिक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि छात्रों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े,इसकी पूरी व्यवस्था हो। परीक्षा के दौरान छात्रों के बैठने की अच्छे ढंग से व्यवस्था की जाए। ताकि उन्हें लिखने में कोई दिक्कत हो। निरीक्षण के दौरान डॉ0 राणा ने कक्ष निरीक्षकों को बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं पहली बार ओएमआर शीट के माध्यम से हो रही है अत- कुछ बातों का स्पष्ट रूप से ध्यान रखा जाए कि ओएमआर शीट को भरने में ब्लैक अथवा ब्लू बॉल पेन का उपयोग होना है। यूपीसी कोड जो प्रश्नपत्र के ऊपर लिखा है उसे ओएमआर शीट में अवश्य रूप से भरवाना है। अगर सेंटर कोड या रोल नंबर दिए गए खानों से छोटा हो तो उससे पहले जीरो लिखना है बाद में नही। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र राणा का कहना है कि परीक्षाओं के लिए विवि की ओर से हर तरह की तैयारियां की गई है। छात्रों को परीक्षा हाल में किसी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी तरह की ड्यूटी में कोताही होती है तो उक्त निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो0 नीता बोरा शर्मा समेत डा.संतोष कुमार समेत अन्य गुरुजन मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## धर्मेंद्र ने अपने यार पुराने रंजीत-अवतार से की मुलाकात



*तस्वीर में धर्मेंद्र, रंजीत और अवतार कैमरे के सामने पोज देते हुए मुस्कुराते नजर आए। धर्मेंद्र ने हरे रंग की शर्ट, पैंट और टोपी पहनी थी। रंजीत सफेद ड्रेस और शॉल में नजर आए। अवतार ने नेवी ब्लू शर्ट और डेनिम चुना।*

*दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर वह अपने काम के साथ-साथ निजी जिंदगी से जुड़ी अपडेट भी साझा करते दिखते हैं। आज उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने %यार पुराने% रंजीत और अवतार गिल के साथ तस्वीर साझा की है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या लिखा है। धर्मेंद्र अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ यादों का पिटारा खोलते नजर आते हैं और प्रशंसकों को पुराने दिनों की सैर करवाते रहते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता धर्मेंद्र ने अपने यार पुराने रंजीत और अवतार गिल से मुलाकात की और रीयूनियन से एक तस्वीर साझा की। सोमवार को इंस्टाग्राम पर धर्मेंद्र ने प्रशंसकों को तीनों की आपस में दोस्ती का सबूत दिया। अभिनेता की यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और इसे फैंस का ढेर सारा प्यार भी मिल रहा है।*

### वायरल हुई तस्वीर

*तस्वीर में धर्मेंद्र, रंजीत और अवतार कैमरे के सामने पोज देते हुए मुस्कुराते नजर आए। धर्मेंद्र ने हरे रंग की शर्ट, पैंट और टोपी पहनी थी। रंजीत सफेद ड्रेस और शॉल में नजर आए। अवतार ने नेवी ब्लू शर्ट और डेनिम चुना। धर्मेंद्र ने इस तस्वीर को साझा करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, गोली... गिलज्यार पुराने ज्अचानक मिल जाती है।*

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती फंदे पर लटकी मिली, मौत

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को युवती कमरे में फंदे पर लटकी मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका के परिजन भी पहुंच गए। मृतका सिडकुल की किसी कंपनी में काम करती थी।

पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती कमरे में फंदे पर लटकी हुई है। सूचना पर महिला एसआई गोल्डी मय पुलिस के मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव फंदे से नीचे उतारा और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि 112 पर सूचना मिली थी। इस पर मौके पर महिला एसआई को भेजा गया। दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ा तो युवती टीन शेड के कमरे में कुंडे में लटकी थी। मकान मालिक से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि मृतका 19 प्रिया पुत्री गोपाल राम अल्मोड़ा निवासी थी। यहां पर राजा कालोनी ट्रांजिट कैंप में किराए पर रहती थी।



**मृतका की फाइल फोटो**

मृतका के पास मिला मोबाइल पर कॉल आई। काल मृतका की मां का था। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिवार के लोग पहुंच गए। गोपाल राम ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में काम करता है। पुत्री की मौत की सूचना मिली। बताया कि डेढ़ वर्ष में रह रही थी और सिडकुल की किसी कंपनी में काम करती थी। उसके तीन बेटी और एक बेटा है। मृतका सबसे बड़ी थी। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार में कोहराम मच गया।

## News कॉर्नर

### छात्र छात्राओं ने किया अभिज्ञान शकुंतलम का प्रस्तुतिकरण

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के अंग्रेजी विभाग के स्नातक स्नाकोत्तर के छात्र छात्राओं के द्वारा महाकवि कालीदास रचित अभिज्ञान शकुंतलम का प्रस्तुतिकरण डॉ. दीपिका पंत के दिशा निर्देशन में किया गया। बता दें कि इस नाटक में प्रकृति व श्रृंगार और नारीवादी विषयों का भव्य प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य अतिथि नाट्य जगत की जानी मानी हस्ती एवम बॉलीवुड अभिनेता स्वर्गीय निर्मल पांडे के बड़े भाई मिथलेश पांडे के द्वारा अंग्रेजी विभाग के छात्रों के इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की गई और आगे भी इस पहल को जारी रखने की बात कही गई। डायरेक्टर प्रो नीता बोरा शर्मा समेत डी 0एस0 डबल्यू प्रो संजय पंत, डायरेक्टर वी 0 पी 0 डी 0 प्रो ललित तिवारी, डीन प्रो पदम बिष्ट, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो एल 0 एम 0 जोशी, प्रो. निर्मला ढेला, प्रो कल्पना अग्रहरी, प्रो चंद्रकला रावत, प्रो संजय घिल्डियाल, डाक्टर मनीषा त्रिपाठी, डॉक्टर हरिप्रिया पाठक तथा डाक्टर अनिता आदि उपस्थित रहे। सभी कैंपस के सभी छात्र छात्राओं द्वारा इस प्रस्तुतिकरण का आनंद लिया।

### अंधड़ से तेज हुई जंगल की आग

**अल्मोड़ा।** सोमवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर बाद आसमान काले बादलों से घिर गया और तेज गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। लोगों को उम्मीद थी कि अच्छी बारिश होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंधड़ के साथ आग की रफ्तार तेज जरूर हो गई, लेकिन कुछ देर बाद बूंदाबांदी थमने से लोगों को मायूस होना पड़ा। गरज के साथ अंधड़ चलने से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम का साथ न मिलने से वन विभाग के साथ ही आम जन और किसानों की चिंता बढ़ रही है।

# धूमधाम से मनाया क्वींस विद्यालय का स्थापना दिवस

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रदेश के प्रतिष्ठित विद्यालय सीनियर सेकेंडरी में विद्यालय के स्थापना दिवस का शुभारंभ प्रबंधक महोदय आर 0 पी 0 सिंह, प्रबंधिका लिल्ली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, प्रशासनिक अधिकारी स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य डा0 – बी0बी0 पांडे ने द्वीप प्रज्वलन कर होलकर सर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश आर्या ( पेयजल मंत्री) किशोर ( वी0 जे 0 पी 0 उत्तर मंडल अध्यक्ष) हरीश पांडे ( बीजेपी वरिष्ठ नेता ) मौजूद रहे और उन्होंने सभी कार्यक्रमों की बहुत प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी।




रचित ने कृष्णा ,विशाल ने गीता ज्ञान और टीना ने राम पर काव्य वाचन कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के चार सदनों के मध्य नृत्य प्रतियोगिता रखी गई जिसमे प्रथम पाटलिपुत्र और नालंदा द्वितीय स्थान में मगध और कलिंगा सदन विजयी रहे। विद्यालय प्रबंधक श्री आर पी सिंह महोदय ने विद्यालय के संस्थापक श्री होलकर जी को याद करते हुए विद्यालय के प्रारंभिक दिनों से लेकर वर्तमान की सभी यादों को ताजा कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी विद्यार्थियों गुरुजनों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों गुरुजनों और अतिथियों को प्रसाद रूपी भोज करवाया गया। कार्यग्रिम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता श्रीमती – कुसुम रौतेला ने किया।

# धारदार हथियारों से लैस दबंग ग्रामीणों पर कहर बनकर टूटे,कई लोग घायल

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**हमला**

- थाना गदरपुर क्षेत्र में ग्रामीणीं ने गांव से मिट्टी खनन का विरोध का मामला
- सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया

थाना गदरपुर क्षेत्र में अवैध रूप से गांव में मिट्टी खनन का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर गांव के ही दबंग कहर बनकर टूट पड़े। इस दौरान वहां पर भगदड़ मच गई। इस बीच एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।

जबकि कई अन्य के भी चोटें आयी हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताकि गदरपुर के पास ग्राम कुंईखेड़ी में एनएच द्वारा मिट्टी खनन किया जा रहा है।

गांव से मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीण एकत्र हो गए और मिट्टी खनन का विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जगह से खनन की अनुमति ली गयी है उसके विपरीत दूसरी जगह से भी अवैध रूप से धड़ल्ले से खनन किया रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पोकलैण्ड मशीन से किये जा रहे अवैध खनन से उनकी उपजाऊ भूमि को खतरा पैदा हो गया है। इस अवैध खनन में कुछ दबंग लोग भी मिले हुए हैं, जो अवैध खनन करवाने में मदद कर रहे हैं।

मंगलवार सुबह पौकलैण्ड मशीन से जब खनन किया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पोकलैण्ड को वापस कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी, लेकिन पुलिस पटवारी को मौके पर बुलाने की बात कहकर लौट गयी। बाद में पटवारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी के सामने ही दबंगों ने लाठी डण्डों और हथियारों से उन पर हमला कर दिया।

हमले में 42 वर्षीय जरनैल् सिंह पुत्र कहर सिंह निवासी कुंईखेड़ी गंभीर घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट आयी है। घायल को गदरपुर स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया । वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। थानाध्यक्ष गदरपुर जसबीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में एनएच का काम चल रहा है।

गांव से मिट्टी उठाने की अनुमति थी। मिट्टी उठाने को लेकर गांव में विवाद हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची। घायलों का मेडिकल कराया गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी। फिलहाल तहरीर पुलिस को नहीं मिली है।

# बाजपुर में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- मृतक थाना दिनेशपुर का निवासी थे

थाना बाजपुर क्षेत्र में ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार फाइनेंस मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक थाना दिनेशपुर निवासी 45 वर्षीय विजय मंडल पुत्र विक्रम मंडल बाजपुर में एक फाइनेंस कंपनी में बतौर मैनेजर कार्यरत थे। हादसा ग्राम गुमसानी के पास मोड़ पर हुआ। ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने अनियंत्रित होकर बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर आफिस में कार्यरत कर्मी व परिवार के लोग पहुंच गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। बाद में शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। फिलहाल आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

# गायन प्रतियोगिता में बच्चों का दमखम

## 39 बच्चों का सेमीफाइनल में हुआ चयन



**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

लोक रचना समिति की ओर आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने सुरों का जादू बिखेरकर धूम मचा दी। नए-पुराने फिल्मी गानों की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगता में विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। तीन वर्गों में 39 बच्चों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया।

सीनियर जूनियर और सब जूनियर तीन वर्गों में गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन काशीपुर बाईपास रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। ऑडिशन का शुभारम्भ एमेनिटी पब्लिक स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा,होटल के एमडी लक्ष्य अरोरा और प्रतियोगिता के संयोजक केवल कृष्ण बत्रा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अरोरा ने कहा कि लोक रचना समिति प्रतिभाओं को निखारने का काम बखूबी कर रही है। छोटे छोटे मंचों से ही प्रतिभाएं आगे बढ़ती है और आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती हैं। वर्तमान में स्कूली बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक क्रियाकलापों से बच्चों का रचनात्मक विकास होता है। संयोजक बत्रा ने बताया कि

ऑडीशन डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक प्रसिद्ध गायक रितेश मनोचा एवं सुजाता नारंग ने 39 बच्चों को सेमीफाइनल के लिए सलेक्ट किया। बताया कि ऑडीशन में सफल हुए बच्चों का सेमीफाइनल होगा। जिसमें से फाईनल के लिए तीनों वर्गों से 12 प्रतियोगी चुने जायेंगे। फाईनल में तीनों वर्गों से बैस्ट सिंगर का चयन होगा। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल और फाईनल की तिथि जल्द घोषित की जायेगी। इस अवसर पर संचालन मोहित बतरा ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोलंबस पब्लिक स्कूल के एमडी मनोज खेड़ा, हरीश अरोड़ा, पवन गवा पल्ली,अमित बंगा, परमपाल सुखीजा, विकास कुमार, मुकेश गुप्ता, दुर्गेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# चार बच्चों पर जंगली मधुमक्खियों का हमला, सभी अस्पताल में भर्ती



नैनीताल। एनएच में ज्योलीकोट के पास जंगली मधुमक्खियों क हमले में चार नेपाली बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। सभी बच्चों को उपचार के लिए नैनीताल ले जाया गया। जहां बच्चों का उपचार चल रहा है। नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में ज्योलीकोट के पास जंगली मधुमक्खियों क हमले में चार नेपाली बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। सभी बच्चों को उपचार के लिए नैनीताल ले जाया गया। जहां बच्चों का उपचार चल रहा है। वहीं, अन्य लोग भी मधुमक्खियों के चपेट में आए है। इस दौरान काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग, परिजन परेशान

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**अनहोनी**

- लापता किशोरी का पिता काट रहा कोतवाली के

कोतवाली क्षेत्र से दो माह पहले लापता किशोरी का सुराग नहीं लगा और पिता पुत्री की बरामदगी की गुहार लेकर कोतवाली के चक्कर काट रहा है। परिजनों ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति मंगलवार को कोतवाली पहुंचा। उसने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की 3 मार्च 2024 की सुबह घर से काम करने की बात कह कर गई। लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। उसका पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक पुत्री की बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई। अभी तक उसकी पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पुत्री के साथ किसी भी तरह की अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। बता दें कि लापता किशोरी का पिता पुत्री की बरामदगी की गुहार लेकर कोतवाली आ रहा हूं। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकी को अपनाने हेतु किया जागरूकता

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकी को अपनाने हेतु जागरूकता और कारकों की पहचान करने के लिए टूल्स को अन्तिम रूप देने व वैधता प्रदान करने के लिए उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय मे किया गया। डॉ0 मंजरी अग्रवाल इस परियोजना की मुख्य शोध पर्यवेक्षक ने कार्ययोजना की रूपरेखा व कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। परियोजना के सह-शोध पर्यवेक्षक श्री सोमेश पाठक ने टूल का प्रारूप विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र पूर्व डीन व



डायरेक्टर प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय व प्रोफेसर पी0सी0 कविदयाल पूर्व डीन व डायरेक्टर डी0एम0एस0 भीमताल कार्यशाला में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहें। इस शोध परियोजना में डॉ0 प्रिया महाजन, सह-शोध पर्यवेक्षक एवं श्रीमती करिश्मा, शोध सहायक के रूप में कार्यशील हैं। कार्यशाला के अन्त में डॉ0 मंजरी अग्रवाल ने उपस्थित विषय विशेषज्ञों को उनकी उत्साहपूर्ण उपस्थिति एवं मूल्याधारित सलाह हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, डॉ0 गगन सिंह, डॉ0 सुमित प्रसाद, श्री मयूर बघरवाल और सुश्री ज्योति मनवाल आदि उपस्थित थे।